परिशिष्ट 'अ'
[ 7/8/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 3123 ]

## निगम परिषद का साधारण सम्मिलन दिनांक 27.08.2024

प्रस्ताव कमांक – 7

कार्यपालन यंत्री नगर निगम का पत्र कमांक/ज.प्र./न.नि./2024/78 सागर दिनांक 03.01 2024 अनुसार मकरोनियाँ नगर पालिका को स्वयं का जल स्त्रोत तैयार करने के संबंध में महापौर परिषद प्रस्ताव कमांक 13 दिनांक 04.01.2024 के द्वारा मकरोनियाँ नगर पालिका को आगामी 2 वर्षो में स्वयं के जल स्त्रोत तैयार करने हेतु अनुशंसा अनुसार विषय विचारार्थ।

निर्णय :-

प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

मान.अध्यक्ष जी ने कहा कि प्रस्ताव के संबंध में पूरी बिन्दुवार जानकारी परिषद को दी जाये।

कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय ने जानकारी दी कि सागर आर्वधन राजघाट जलप्रदाय योजना के मूल योजना में मकरोनियाँ एवं रजाखेडी ग्राम पंचायत को जलापूर्ति किये जाने हेतु सम्मिलित किया गया था। क्योंकि शासन स्तर पर मकरोनियाँ ग्राम पंचायत क्षेत्र का विलय सागर नगर पालिक निगम क्षेत्र में होने संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन थी, योजना अंतर्गत ओव्हरहेड टेंक क्षमता 45 लाख लीटर का निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार का कार्य लो.स्वा.या.वि.द्वारा किया गया था। ग्राम पंचायतों में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न होने के कारण तथा तत्कालीन ग्राम पंचायत मकरोनियाँ एवं रजाखेडी तकनीकी अमला न होने से नगर पालिक निगम सागर एवं मकरोनियाँ तथा रजाखेड़ी ग्राम पंचायत के मध्य निष्पादित अनुबंध अनुसार वर्ष 2008 से मकरोनियाँ एवं रजाखेड़ी क्षेत्र में जलप्रदाय किया जा रहा है। वर्ष 2014 में मकरोनियाँ नगर पालिका गठन होने के उपरांत कई पत्र नगर पालिका मकरोनियाँ को अनुबंध निष्पादन करने हेतु दिये गये, परंतु उनके द्वारा अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया। राजघाट परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में सागर मकरोनियाँ जल उन्नयन योजना प्रोजेक्ट 6 बी. के अंतर्गत मकरोनियाँ नगर पालिका के आसपास के अन्य ग्राम जो मकरोनियाँ नगर पालिका में सम्मिलित हो चुके है। मे. पाईप लाईन डालकर 16502 के स्थान पर 17000 कनेक्शन किये जाकर जलप्रदाय किया जा रहा है। आगामी समय में मकरोनियाँ नगर पालिका क्षेत्र में और कनेक्शन होंगे जिससे पानी की मांग बढ़ेगी। वर्तमान में एम.पी.यू.डी.सी.द्वारा 11 एम.एल.डी. पानी उपलब्ध कराने हेतु बार-बार पत्र दिये जा रहे है। यदि उनकी मांग अनुसार पेयजल पूर्ति की जाती है तो शहर मे पेयजल की समस्या उत्पन्न होगी क्योंकि सागर शहर के भी संपूर्ण क्षेत्र में योजना के अंतर्गत पाईप लाईन डालकर लगभग 66190 कनेक्शन किये जाना है। इन कनेक्शन हेतु भी पानी की मांग निरंतर बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में अत्यंत आवश्यक हो गया है कि मकरोनियाँ नगर पालिका स्वयं का

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

Assistant Project Officer
M.P. Urban Development Company Ltd.
Bhopal (M.P.)

Project Officer
M.P. Urban Development Co. Ltd.

जल स्रोत आगामी दो वर्षों में तैयार करें ताकि सागर शहर के कनेक्शन धारियों को (24 X 7) जलप्रदाय किया जा सकें। इस हेतु महापौर परिषद की बैठक दिनांक 04.01.2024 में भी प्रस्ताव रखा गया था जिसकी महापौर परिषद द्वारा भी अनुशंसा की गई है।

सुश्री आकृति जड़िया ने कहा कि प्रस्ताव से सहमत हूँ। नगर निगम क्षेत्र में पेयजल हेतु परेशान है। मकरोनियाँ न.पा.नि.को स्वयं का जल स्त्रोत्र विकसित करना चाहिये। राजघाट से पानी देना बंद होना चाहिये। सहमति दी।

मान.विधायक जी ने कहा कि मकरोनियाँ को पानी देते है। इस का कितना चार्ज लिया जाता है।

कार्यपालन यंत्री ने कहा कि यूजर चार्ज लेते है। आयुक्त ने कहा कि मकरोनियाँ नगर पालिका को पेयजल के संबंध में टाटा कंपनी, जलप्रदाय टीम मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ बैठक की थी। मकरोनियाँ नगर पालिका से लगभग 6 करोड रूपये लेना है। उसका पूरा डेटा दिया गया है। वसूली उनके माध्यम से की जायेगी। नगरीय क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। उनकी पानी की डिमांड भी बढ़ रही है।

मान.विधायक जी ने कहा कि जो लगभग 6 करोड रूपये मकरोनियाँ नगर पालिका से लेना है। उसकी वसूली समय सीमा तय की जावे। जिसपर श्री धर्मेन्द खटीक ने भी अपनी सहमति व्यक्त की।

मान.अध्यक्ष जी ने सदन के सभी सदस्यों का मत लिया गया।

विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है कि :-

1. महापौर परिषद् प्रस्ताव क्रमांक 13 दिनांक 04.01.2024 की अनुशंसा अनुसार मकरोनियाँ नगर पालिका आगामी 2 वर्षों अपने स्वयं के जलस्त्रोत तैयार करें इसकी स्वीकृति प्रदान की जाती है।
2. मकरोनियाँ नगर पालिका से जो लगभग 6 करोड रूपये की राशि लेना है। उसकी वसूली समय सीमा में की जावे। नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावे।

सत्यप्रतिलिपि

Assistant Project Officer
M.P. Urban Development Company Ltd.
Bhopal (M.P.)

Project Officer
M.P. Urban Development Co. Ltd.

परिशिष्ट-ब

मकरोनिया नगर पालिका परिषद की जलप्रदाय की जानकारी माह- जून 2025

| क्र. | डी.एम.ए का नाम | वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | औसत प्रतिदिन जल प्रदाय (Cum) | 01 माह में औसत जलप्रदाय (Cum) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यू मकरोनिया | 16 | संत रविदास | 834 | 25016 |
| 2 | सागर स्टेट बड़तूमा | 18 | सबरी वार्ड | 770 | 23110 |
| 3 | शंकरगढ | 11 | विन्द्रावन | 1580 | 47413 |
| | | 12 | शंकरगढ़ | | |
| | | 14 | अवंतीवाई | | |
| 4 | रजाखेड़ी बजरिया | 09 | भवाल भाई पटेल | 1118 | 33528 |
| | | 10 | शिव नगर | | |
| 5 | अंकुर कॉलोनी | 07 | रामलला | 718 | 21552 |
| | | 13 | आदिनाथ | | |
| 6 | कृष्णा नगर & गायत्री नगर | 02 | कृष्णा नगर | 958 | 28735 |
| | | 07 | रामलला | | |
| 7 | ओल्ड मकरोनिया | 15 | गोपेश्वर | 1040 | 31205 |
| | | 17 | महात्मा गॉधी | | |
| 8 | गंभीरिया | 04 | गंभीरिया | 584 | 17516 |
| 9 | नेहानगर | 6 | महावीर | 555 | 16656 |
| 10 | सेमरा बाग | 01 | रानी दुर्गावती | 978 | 29336 |
| | | 08 | शिवाजी | | |
| 11 | दीनदयाल | 03 | दीनदयाल | 454 | 13628 |
| 12 | लक्ष्मी नगर | 04 | गंभीरिया | 225 | 6753 |
| 13 | गौर नगर | 05 | महारानी लक्ष्मीवाई | 454 | 13628 |
| कुल जलप्रदाय | | | | 10268 | 308076 |

Project Manager
Project Implementation Unit, Sagar
Madhya Pradesh Urban Development Co. Ltd.

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

Assistant Project Officer
M.P. Urban Development Company Ltd.
Bhopal (M.P.)

Project Officer
M.P. Urban Development Co. Ltd.

CamScanner